युवा सशक्तिकरण एवं कौशल विकास पर व्याख्यान :

पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के जगदीश चन्द्र बोस, जैविकी अध्ययन शाला में आज दिनांक 14.02.2019 को सुभाष चन्द्र फाउन्डेशन, इलेक्ट्रानिक्स एवं फोटानिक्स अध्ययन शाला तथा अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी एवं प्रबंधन संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में व्याख्यान आयोजित किया गया । जिसके प्रमुख वक्ता मिस शीतल दवे, लीड़, सी.एस.आर. एंगेजमेंट सुभाष चन्द्र फाउंडेशन थी। इसके मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.के.एल. वर्मा रहें । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं का पथ प्रदर्शन करना रहा, क्योंकि युवा ही सशक्त एवं सुदृढ देश का आधार होता है । कार्यक्रम के वक्ता के अनुसार सुभाष चन्द्र फाउंन्डेशन का मुख्य उद्देश्य सशक्तिकरण, शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र को बढ़ावा देना है । इसके लिये भारत सरकार ने संविधान में शिक्षा के अधिकार को समायोजित कर साक्षरता सहित पालकों के बच्चो को भी उच्च शिक्षा मिल सके, ऐसा प्रावधान सुनिश्चित किया गया हैं ।

हमारे देश में लगभग 65 प्रतिशत से भी अधिक युवा है । युवाओं में ज्यादा जोश व एनर्जी होती है, जिससे वे अधिक लगन से कार्य करते हैं । युवाओं की सोच एक नयी विकास वाली होती है, जिससे देश का विकास होना तय है । जो देश को अर्थसशक्त बनाते हैं तथा ऐसे युवाओं की सही मार्गदर्शन मिले, तो भारत से ताकतवार शायद ही कोई देश होगा । मिस दवे ने छात्रों को अपने बायोडाटा को बेहतर बनाने के गुर सिखाये । उन्होने कहा कि अपने बायोडाटा में जानकारी कुछ इस तरह से प्रदर्शित करें, जिससे व्यक्ति कुछ ही समय में आपके बारे में जान सकें । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वर्मा ने कहा हम हमेशा यही प्रयास करते है कि बच्चे मजबूत केरियर बनाये, बेहतर कौशल विकास हो तथा समय एवं चीजों के अनुरूप अपने आप को ढ़ाल सकें । भारत युवाओं को देश है, यहां के लोग दुनियां भर में मशहूर हैं किन्तु हमारे यहां बेरोजगारी है । उन्होने युवाओ से कहा कि न सिर्फ वो रोजगार देखे बल्कि रोजगार उत्पन्न करें । स्व–रोजगार से सभी का हित होगा ।